प्रेषक,

विनय कुमार जायसवाल,
अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट,
उत्तर रेलवे, मुरादाबाद।

सेवा में,

माननीय महानिबन्धक महोदय,
माननीय उच्च न्यायालय,
इलाहाबाद।

द्वारा,

माननीय जनपद न्यायाधीश,
मुरादाबाद।

विषय- निज आवास हेतु क्रय की गयी भूमि के पंजीकरण के संबंध में।

महोदय,

सविनय निवेदन है कि मेरे द्वारा जनपद लखनऊ में आवास हेतु ग्राम धांवा, परगना लखनऊ, तहसील व जिला लखनऊ में स्थित 1500 (25X60 फिट) वर्ग फिट क्षेत्रफल की भूमि को माननीय उच्च न्यायालय की अनुमति (प्रार्थना पत्र संख्या-653) प्राप्त होने के पश्चात मु0 10,50,000/- रुपए में श्री प्रदीप कुमार गुप्ता पुत्र श्री स्व 0 राम गोपाल गुप्ता, निवासी पी0 आर 0-1 नेहरु एन्क्लेव, गोमती नगर, लखनऊ से अपने नाम में क्रय किया गया था किंतु किन्हीं व्यक्तिगत कारणों से उक्त जमीन का पंजीकरण मेरी पत्नी श्रीमति तृषा मिश्रा ( सिविल जज, सीनियर डिवीजन, जनपद मुरादाबाद) के नाम से किया जाना है, जिसके संबंध में माननीय उच्च न्यायालय की अनुमति की आवश्यकता है। उपरोक्त के संबंध में मेरी पत्नी श्रीमति तृषा मिश्रा ( सिविल जज, सीनियर डिवीजन, जनपद मुरादाबाद) माननीय उच्च न्यायालय को प्रार्थना पत्र प्रेषित किया जा चुका है।

अतः श्रीमान जी, से सादर अनुरोध है कि उपरोक्त भूमि 1500 (25X60 फिट) वर्ग फिट भवन निर्माण हेतु मेरी पत्नी श्रीमति तृषा मिश्रा ( सिविल जज, सीनियर डिवीजन, जनपद मुरादाबाद) के पक्ष में पंजीकरण करने हेतु माननीय उच्च न्यायालय से अनुमति प्रदत्त कराने की महती कृपा करें। प्रार्थी आपकी सदैव आभारी रहेगा।

सादर।

दिनांक- 30/06/2021

प्रार्थी,

Vinay Jaiswal
30/06/21

(विनय कुमार जायसवाल)
अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट,
उत्तर रेलवे, मुरादाबाद।